उक्त टीकोपटीकाओं में प्रमेय की प्रधानता है तथा सोलह पदार्थो का विवेचन किया गया है। बारहवीं शताब्दी में मिथिला से न्याय की एक नूतन पद्धति का आविर्भाव हुआ जिसके जनक श्री महामहोपाध्याय गङ्गेशोपाध्याय माने जाते है। इनका विश्व प्रसिद्ध ग्रन्थ "तत्त्वचिन्तामणि" है। इस ग्रन्थ में न्याय के चार प्रमाणों का विस्तृत विवेचन पारिभाषिक शब्दावलियों के माध्यम से किया गया है। आचार्य वात्स्यायन ने न्यायभाष्य में कहा है कि "प्रमाणै: अर्थपरीक्षणं न्याय:[12]" प्रमाणों के द्वारा पदार्थो का परीक्षण किया जाता है उसे न्याय कहते है। इसी को चरितार्थ करते हुए गङ्गेशोपाध्याय ने प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान एवं शब्द प्रमाण का विस्तृत विवेचन किया। यद्यपि प्रमाणों के विवेचनक्रम में सभी प्रमेयों का निरूपण प्रकारान्तर से तत्त्व चिन्तामणिकार ने कह ही दिया है। इस तत्त्व चिन्तामणि ग्रन्थ की टीका दीधिति रघुनाथ शिरोमणि द्वारा विरचित है, जिसकी गादाधरी टीका गदाधर भट्टाचार्य तथा जगदीशी टीका जगदीश भट्टाचार्य द्वारा विरचित विश्व में नव्यन्याय की पताका को दिग दिगन्त तक फैला रही है। गदाधर भट्टाचार्य के गुरु तत्कालीन वंग प्रदेश के प्रसिद्ध नैयायिक हरिराम तर्कालङ्कार की यद्यपि तत्त्व चिन्तामणि पर कोई टीका हमें अद्यावधि उपलब्ध नही होती है। परन्तु नव्यन्याय के विषयों पर स्वतन्त्र ग्रन्थ के रूप उनकी कुछ पाण्डुलिपियाँ हमें देखने को मिली है। भारतवर्ष की हस्तलिखित (पाण्डुलिपि) पुस्तकालयों में से अन्यतम रघुनाथ मन्दिर पुस्तकालय है। 18 वीं शताब्दी में राजा रणवीर के द्वारा इस पुस्तकालय का निर्माण कराया गया। आज भी संस्कृत साहित्य से सम्बन्धित दुर्लभ पाण्डुलिपियाँ यहाँ पायी जाती है। 22 अक्टूबर 1993 में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान नई दिल्ली द्वारा रणवीर केन्द्रीय विद्यापीठ जम्मू में व्याख्याता (न्याय) सर्वदर्शन विभाग में मेरी नियुक्ति होने पर प्रति शनिवार अवकाश के दिन मै रघुनाथ मन्दिर पुस्तकालय जाता था। जिसमें नव्य न्याय की दुर्लभ कुछ पाण्डुलिपियाँ हमें प्राप्त हुई। जिसके माध्यम से हरिराम तर्कालङ्कार विरचित दुर्लभ पाण्डुलिपियों का सङ्कलन कर नवीन मतादिविचार:[13] ग्रन्थ का सम्पादन "हरिराम तर्कवगीश ग्रन्थावलि: भाग 1" के रूप में किया। इसी क्रम में विभन्न हस्तलिखित पुस्तकालयों के पाण्डुलिपि सूची ग्रन्थ के अध्ययन से यह प्रतीत हुआ, कि हरिराम तर्कालङ्कार के दुर्लभ अप्रकाशित अन्य ग्रन्थों का भी सम्पादन किया जा सकता है। हरिराम तर्कालङ्कार विरचित "नवीनमतादि विचार:" ग्रन्थ में हरिराम विरचित बारह ग्रन्थों का सङ्कलन किया गया है। इनमें से निम्न लिखित ग्रन्थ पूर्व में प्रकाशित थे।

1. प्रमाण्यवाद : श्रीविश्वबन्धु विरचित प्रभा ठीका सहित, 1963 (ईश्वीय), कलकत्ता संस्कृत कालेज, कलकत्ता, ग्रन्थांक 35
2. रत्नकोशमतवादार्थ : (निबन्धावली) मिथिला संस्कृत विद्यापीठ, दरभङ्गा
3. आचार्यमतरहस्य : मिथिला संस्कृत विद्यापीठ, दरभङ्गा
4. ध्वंसजन्य भावयो : कार्यकारण भावरहस्यम् : संस्कृत कालेज, कलकत्ता
5. ज्ञानलक्षणारहस्यम् : संस्कृत कालेज, कलकत्ता

इसके अतिरिक्त सात दुर्लभ पाण्डुलिपियों का सङ्कलन करके मेरे द्वारा प्रकाशन किया गया। ये दुर्लभ पाण्डुलिपियाँ निम्न लिखित ग्रन्थों की है।

1. नव्यमतरहस्यम् : रघुनाथ मन्दिर पुस्तकालय, स्टेन सूची 15, पत्र सं. 1319
2. अनुमिति विचार : रघुनाथ मन्दिर पुस्तकालय, स्टेन सूची पत्र 1260 एवं 1225
3. अवच्छेदकानुमितिविचार : रघुनाथ मन्दिर पुस्तकालय, स्टेन सूची पत्र 1320
4. बाधबुद्धिप्रतिबध्यप्रतिबन्धकवाद : रघुनाथ मन्दिर पुस्तकालय, स्टेन सूची पत्र 1451, सं.सं.वि.वि. वाराणसी सं.
5. मङ्गलवाद : सरस्वती भवन पुस्तकालय, सं.सं.वि.वि., वाराणसी, सूची पत्र सं. 30823 एवं 32598
6. विषयताविचार : सरस्वती भवन पुस्तकालय, सं.सं.वि.वि., वाराणसी, ग्रन्थाङ्क 31967 एवं 30531
3 अवच्छेदकानुमितिविचार : सरस्वती भवन पुस्तकालय, सं.सं.वि.वि., वाराणसी, ग्रन्थाङ्क 31065 एवं 33496
7. विधिवाद : सरस्वती भवन पुस्तकालय, सं.सं.वि.वि., वाराणसी ग्रन्थाङ्क 31065 एवं 33496

इसके अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित पाँच ग्रन्थों का भी निम्नलिखित पाण्डुलिपियों के माध्यम से पाठान्तर के माध्यम से संशोधित किया।

1. रत्नकोशविचार : सरस्वती भवन पुस्तकालय, सं.सं.वि.वि., वाराणसी, ग्रन्थाङ्क 31759
2. अनुमितेर्मानसत्वविचाररहस्यम् : संस्कृत कालेज, कलकत्ता, सू.प. ध्वंसजन्य 17/143
3. ज्ञानलक्षणारहस्यम् : संस्कृत कालेज, कलकत्ता सू.प. न्यान नं. 17/148
4. भावयो कार्यकारणभावरहस्यम् : संस्कृत कालेज कलकत्ता, सू.प. न्याय नं. 1083

हरिराम तर्कालङ्कार महोदय के अनेको दुर्लभ पाण्डुलिपियाँ संस्कृत कालेज कलकत्ता, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्व विद्यालय वारणसी के सरस्वती भवन पुस्तकालय, विश्वेश्वरानन्द शोध

संस्थान होशियारपुर पंजाब तथा रघुनाथ मन्दिर पुस्तकालय जम्मू आदि में विद्यमान है जिनका प्रकाशन किया जा सकता है। विभिन्न सूचीपत्र एवं गन्थों के अध्ययन से हरिरामतर्कालङ्कार की दुर्लभ पाण्डुलिपियों का पता चलता है। जिसका विवरण निम्न लिखित है।

गोपीनाथ कविराज के अनुसार हरिराम तर्कालङ्कार को हरिराम तर्कवागीश कहा जाता है जिनके ग्रन्थों का उल्लेख उन्होंने निम्नलिखित रूप से किया है:-

1. आचार्यमत रहस्यम्।
2. न्यायनव्यमतविचार:।
3. रत्नकोशविचार:।
4. विषयताबाद:।
5. प्रत्यासत्तिविचार:।
6. मङ्गलवाद:।
7. प्रमाणप्रमोद:।
8. अनुमितिपयमर्शबाधबुद्धि।
9. प्रतिबन्धकताविचार:।
10. विशिष्टवैशिष्टयबोधविचार:।
11. नव्यधर्मितावच्छेदकता।

इन्साइक्लोपीडिया आफ इण्डियन फिलासफी ग्रन्थ के अनुसार हरिरामतर्कवागीश के निम्नलिखित ग्रन्थ है:

1. आचार्यमतरहस्यम्।
2. अनुमितेमानसत्वविचार।
3. अनुमितिपरामर्शबाधबुद्धि:।
4. बाधरहस्यम्।
5. धर्मितावच्छेदकतारहस्यम्।
6. ध्वंसजन्यभावयो: कार्यकारणभावरहस्यम्।
7. द्रव्यमत रहस्यम्।
8. एवकारवादार्थ:।
9. ज्ञानलक्षणाविचाररहस्यम्
10. ज्ञानदवयरहस्यम्।
11. मंगलवाद:।
12 मुक्तिवादविचार:।
13 नव्यधर्मितावच्छेदकता।
14 न्यायनव्यमतविचार:।
15 न्यायपदार्थतत्त्वम्।

श्री नेनीगोपाल तर्कतीर्थ के अनुसार हरिराम तर्कवागीश[20] महोदय की नव्यन्याय से सम्बन्धित बीस (20) दुर्लभ पाण्डुलिपियाँ संस्कृत कालेज कलकत्ता में आज भी विद्यमान है जिनका अन्वेषण किया जा सकता है। हरिराम तर्कवागीश की अन्तर्राष्ट्रीय हस्तलिखित पाण्डुलिपि पुस्तकालय जम्मू में सात पाण्डुलिपियाँ है:

1. अवच्छेदकानुमितिविचार:।
2. नवीनमत विचार:।
3. अनुमितिपरामर्शहेतुताविचार:।
4. धर्मितावच्छेदकताप्रत्यासन्ति:।
5. सामान्यलक्षणम्।
6. बाधबुद्धिप्रतिबध्यप्रतिबन्धकवाद:।
7. सामाग्री विचार:।

विश्वेश्वरानन्द शोध संस्थान, साधु आश्रम होशियारपुर में चार हरिराम तर्कवागीश की पाण्डुलिपियाँ है:-

1. नव्यमतवादार्थ:।
2. पक्षतावाद:।
3. स्वप्रकाशरहस्यम्।
4. कारणतावाद:।

बिब्लियोग्राफी आफ इण्डियन फिलासफी सम्पादक कार्ल पैटर के अनुसार हरिराम तर्कवागीश के 29 ग्रन्थ है जो कि विभिन्न हस्तलिखित पुस्तकालयों में दुर्लभ पाण्डुलिपि के रूप में विद्यमान है।

क्र.सं.	पाण्डुलिपि नाम
1.	आचार्यमतरहस्यम्।
2.	अनुमितेमानसत्वविचार।
3.	अनुमितिपरामर्शबाधबुद्धि:।
4.	बाधरहस्यम्।
5.	धर्मितावच्छेदकतारहस्यम्।
6.	ध्वंसजन्यभावयो: कार्यकारणभावरहस्यम्।
7.	द्रव्यमतरहस्यम्।
8.	एवकारार्थवाद:।
9.	ज्ञानद्वयरहस्यम्।
10.	ज्ञानलक्षणाविचाररहस्यम्।
11.	मङ्गलवाद:।
12.	मुक्तिवादविचार:।
13.	नव्यधर्मितावच्छेदकता।
14.	न्यायनव्यमतविचार:।
15.	न्यायपदार्थतत्त्वम्।
16.	प्रतिबन्धकताविचार:।
17.	प्रामाष्यवाद:।
18.	प्रामाष्यप्रमोद:।
19.	प्रतियोगिज्ञानस्य कार्यकारणभाव:।

20. प्रत्यासन्तिविचारः।
21. सामग्रीविचाररहस्यम्।
22. संशयप्रत्यक्षताविचाररहस्यम्।
23. विषयताविचाररहस्यम्।
24. स्वप्रकाशरहस्यविचारः।
25. स्मृतिसंस्कारवादवीची।
26. विशेषणज्ञानरहस्यम्।
27. विशिष्टवैशिष्य्यबोधविचारः।
28. विशेषणज्ञानरहस्यम्।
29. व्याप्त्यनुगमरहस्यम्।

उक्त पाण्डुलिपियों में से 13 पाण्डुलिपियों का प्रकाशन हो चुका है। पाँच पाण्डुलिपियों का प्रकाशन संस्कृत कालेज कलकत्ता से, दो पाण्डुलिपियों का प्रकाशन दरभङ्गा संस्कृत विद्यापीठ दरभङ्गा से, तथा सात पाण्डुलिपियों का प्रकाशन राजविनय प्रकाशन ग्रा. चकिया पो. शंकर पट्टखौली जनपद, कुशी नगर उत्तर प्रदेश से हो चुका है। शेष पाण्डुलिपियाँ दुर्लभ है जिनका अन्वेषण कर प्रकाशन किया जा सकता है। विश्वप्रसिद्ध गदाधर भट्टाचार्य के गुरु हरिराम तर्कवागीश है इसका उल्लेख "बङ्गे नव्य न्याय चर्चा" में तथा "विब्लियोग्राफी आफ इण्डियन फिलासफीज" में पाया जाता है। हरिराम तर्कवागीश न्यायसिद्धान्तमुक्तावली के दिनकरी टीका में मगलवाद, अनुमितिपरामर्शहेतुताविचार, आदि का विवरण हमें प्राप्त होता है जो कि हरिराम तर्कवागीश के मगलवाद आदि ग्रन्थों में पाया जाता है जिससे यह ज्ञात होता है कि हरिराम तर्कवागीश के ग्रन्थों का प्रभाव दिनकरी पर पड़ा है। इससे तर्कवागीश के ग्रन्थ का महत्त्व और बढ़ जाता है। इसलिए हरिराम तर्कवागीश के दुर्लभ ग्रन्थों का अन्वेषण कर प्रकाशित करने से नव्यन्याय के अध्येताओं को एक नयी दिशा मिल सकती है। तथा भारतीय ज्ञान परम्परा का विस्तार सम्भावित है। हरिराम तर्कालङ्कार हमें जो नयी दिशा दी है उसके लिए हम सब दार्शनिक उनके प्रति कार्तश्य भाव अर्पित करते है।

सन्दर्भग्रन्थ सूची

1. भारतीय पुरालिपि विद्या, भूमिका, पृ.1
2. न्यायकुसुमाञ्जलि : स्तबक 2 का. 3 टा.सं. संस्थान प्रकाशन परिमलामोदसहिता पृ. 125 सं. 2009
3. वादामी से 580 ई. एक पाषाण खण्ड प्राप्त। भा.पु. लिपि विद्याा भू.1
4. भा. पुरा लिपि विद्या भूमिका पृ.1
5. चीनी यात्री युवान च्वांग 630-45 ई०
6. चीनी विश्वकोश फा-वान-शु-लिन
7. नेआरकस 305-299 ई०पू०
8. पाणिनीय अष्टाध्यायी अध्याय 3 पाद 2 सूत्र 21
9. इन्द्र वरुण भवशर्वरन्द्र मृग हिमारण्य यव यवन मातुलाचार्याणामानुक 14/1/41 सूत्र के वाद वार्तिक "यवनाल्लिप्याम्" यवनानां लिपि यवनानी वैयाकरणसिद्धान्त कौमुदी सू. संख्या 505 (स्त्रीप्रत्ययप्रकरण) पृ. 124 संस्करण श्री ला.ब. शा. रा.सं. विद्यापीठ, नई दिल्ली
10. भारतीय पुरालिपि विद्या-प्रकरण ब्राह्मी लिपि का विकास पृ. 28
11. भारतीय पुरालिपि विद्या-प्रकरण ब्राह्मी लिपि का विकास पृ. 36
12. न्यायसूत्र वात्स्यायन भाष्यम आ. 1 अ. 1 सू. 1 के वात्स्यायन भाष्य
13. नवीनमतादि विचारः-राजविनय प्रकाशन
    ग्रा. चकिया पो. शंकर पट्टखौली ज. कुशी नगर उत्तर प्रदेश
14. रघु.म.पु. स्टन सूची ग्र. 1319
15. रघु.म.पु. स्टेन सूची ग्र. 1260, 1225
16. रघु.म.यु. स्टेन सूची ग्र. 1320
17. क्र.सं. 5 से 7 तक सभी ग्रन्थों की पाण्डुलिपियाँ सरस्वती भवन पुस्तकालय में उपलब्ध है।
18. विब्लियोग्राफी आफ इण्डियन फिलासफी लेखक म. गोपीनाथ कविराज. सं.सं.वि.वि. वाराणसी
19. इन्साइक्लोपीडिया आफ इण्डियन फिलासफी प्रकाशक-मोनीलाल बनारसीदास
20. ज्ञान लक्षणारहस्यम् के टीकाकार श्री ननी गोपाल तर्कतीर्थ की भूमिका में कहा गया है।
21. बिब्लियोग्राफी आफ इण्डियन फिलासफी, सम्पादक काल पैटर
22. वंगे नव्यन्याय चर्चा (लिपि) वंगीय संस्कृत साहित्य परिषद् कलकत्ता, पं. बंगाल

प्रो० हरेराम त्रिपाठी

आचार्य, सर्वदर्शन विभाग,
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ
(मानित विश्वविद्यालय)

अभिज्ञानशाकुन्तल के पाठविचलन का सम्भावित क्रम

प्रो० वसन्तकुमार म० भट्ट

भूमिका: अभिज्ञानशाकुन्तल की अभी तक करीब पाँच-छ वाचनायें प्रकाशित हुई है। जैसे कि (क) बृहत्पाठ-परम्परा को सुरक्षित रखनेवाली 1. बंगाली वाचना (Pischel, 1922), का ञीलाल, 1980), 2. मैथिली वाचना, (झा, 1957) 3. काश्मीरी वाचना (बेलवालकर, 1965), तथा 4. उत्कलीय वाचना (नवकिशोरकर, 1960) है। तथा (ख) लघुपाठपरम्परा में संचरित हुई 5. देवनागरी वाचना, (राघवभट्ट, 2006) एवं 6. दाक्षिणात्य (काटयवेम, 1982) वाचना। लेकिन उनमें से कोई भी वाचना का पाठ सर्वसम्मत नहीं हो पाया है, एवमेव इनमें से एक भी वाचना के पाठ को हम सर्वथा मौलिक नहीं मान सकते है। तुलनात्मक परीक्षण से तो यही दिखता है कि ये सभी वाचनायें विभिन्न प्रान्तों में प्रचलित रंगावृत्तियाँ ही होगी। किसी भी नाट्यकृति की जब रचना होती है तब यह एक-कर्तृक रचना ही होती है, किन्तु मंचन के दौरान अलग अलग सूत्रधार अपनी प्रतिभा, रूचि एवं आवश्यकता के अनुसार, तथा समय एवं नट की मर्यादा को मध्ये नजर रखते हुऐ नाट्यकार के द्वारा लिखे गये मौलिक पाठ में कुछ शब्दों का परिवर्तन, दृश्य का स्थलान्तरण, तथा गेयभाग (श्लोकों) एवं गद्य संवादों में प्रक्षेप एवं संक्षेपादि का कार्य करते रहते है। और यह बात अभीज्ञानशाकुन्तल जैसि आदिकाल से लोकप्रिय बनी नाट्यकृति के लिये तो सर्वथा सत्य है।

किन्तु इन पाँच या छह वाचनाओं में संचरित होके हम तक पहुँचे हुए अभिज्ञानशाकुन्तल के वैविध्य-सभर पाठ में से (1) किस वाचना का पाठ प्राचीन या प्राचीनतर है? यह ज्ञातव्य है। (2) यह भी समीक्षणीय है कि कौनसी वाचना से आरम्भ करके, किस क्रम में पाठ-विचलन का सिलसिला आगे बढ़ा है। तथा (3) गवेषणीय बिन्दु यह भी है कि किस वाचना में मौलिक पाठ्यांश अधिक सुरक्षित रहा है, अर्थात किसमें कम से कम परिवर्तन हुए है। इन जिज्ञासाओं में पहली जिज्ञासा का शमन डॉ. दिलीपकुमार काञीलाल (कोलकाता) ने किया है। उनका यह गभीर संशोधन है कि अभिज्ञानशाकुन्तल का जो पाठ बंगाली वाचना में संचरित होके हम तक पहुँचा है व पाठ 11वीं शदी से कश्मीरी परम्परा के अलङ्कारशास्त्रीय ग्रन्थों में उदधृत होता दिखाई पडता है। अत: उपलब्ध पाठपरम्पराओं में से बंगाली वाचना का पाठ ही प्राचीनतर सिद्ध होता है। और डॉ. एस. के. बेलवालकर जी के मत से शकुन्तला का निसर्ग-कन्यात्व यदि कहीं पर भी सिद्ध होता है तो वह काश्मीरी वाचना के पाठ में ही है, अर्थात काश्मीरी वाचना का पाठ सब से अधिक श्रद्धेय है। लेकिन हमनें जो दूसरा प्रश्न उपर ऊठाया है, उस दिशा में शायद ही किसी विद्वान् ने कुछ सोचा होगा।

1-1 उपर्युक्त जिज्ञासाओं के लिए सब से पहेले, मौलिक पाठ्यांश को कैसे ढूँढा जा सकता है? इस पर विचार कर लेना चाहिए। नाटक जैसे अभिनेय काव्य के परम्परागत पाठ में जहाँ पर भी विवादाग्रस्त एवं द्विधाजनक पाठ मिलते है, वहाँ मूलगामी पाठ को ढूँढने के लिए कुछ मानदण्ड सर्वसम्मत हो सकते है: जैस कि, 1. नाट्यप्रयोग में समय की पा-बन्धी होने से, जहाँ पर भी वर्णनात्मक श्लोक मिलते है वहाँ पर यह देखा जाना चाहिये कि इस वर्णन की प्रासङ्गिकता है या नहीं। तथा ऐसे वर्णनों में दीर्धसूत्रिता एवं पुनरूक्ति है या नहीं ? क्योंकि नाटक में इन सब का अभाव होना बहुत जरूरी है। अत: पाण्डुलिपियों में संचरित हुए नाट्यकृति के पाठ में जहाँ पर भी पुनरूक्ति आती है या प्रासङ्गिकता का अभाव दिखता है वह स्थान प्रक्षेपयुक्त हो सकता है। एवमेव, 2. नाट्यकृति के मंचन के दौरान कोई नट की स्मृति-मर्यादा से विवश हो कर सूत्रधारों ने कदाचित् ऐसे वर्णनात्मक अंशों में कुछ कटौती भी की हो सकती है। अत: उदाहरण के रूप में ऐसे संक्षेप एवं प्रक्षेप को पहेचानने के लिए समुच्चयार्थक "अपि च" का जहाँ प्रयोग हुआ हो ऐसे स्थान की परीक्षा की जाती है।

1-2 उदाहरण के रूप में अभिज्ञानशाकुन्तल के प्रथमांक में आये हुए भ्रमरबाधा प्रसंग को हम लेते है: यहाँ पर बंगाली एवं मैथिली वाचना में "अपि च" से सम्बद्ध किये गये दो श्लोक है।

"**राजा** - (सस्पृहम्)

यतो यत: षट्चरणोऽभिवर्तते, ततस्तत: प्रेरितवामलोचना।
विवर्तितभ्रूरियमद्य शिक्षते भयादकामापि
हि दृष्टिविभ्रमम् ।। 1-22 ।।

Publications of the NMM

TATTVABODHA

Compilation of the proceedings of public lectures delivered under Tattvabodha Series

TATTVABODHA VOLUME–I
Editor: Sudha Gopalakrishnan
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and Munshiram Manoharlal Publishers Pvt. Ltd, New Delhi
Pages: 164
Price: ₹ 325/-

TATTVABODHA VOLUME–II
Editor: Kalyan Kumar Chakravarty
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and Munshiram Manoharlal Publishers Pvt. Ltd. New Delhi
Pages: 194
Price: ₹ 350/-

TATTVABODHA VOL–III
Editor: Prof. Dipti S. Tripathi
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and Dev Books, New Delhi
Pages: 240
Price: ₹ 350/-

TATTVABODHA VOLUME–IV
Editor: Prof. Dipti S. Tripathi
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and D. K. Printworld (P.) Ltd.
Pages: 251
Price: ₹ 400/-

SAMRAKSHIKA

Compilation of the proceedings of the seminars on conservation of manuscripts

SAMRAKSHIKA VOLUME–I
Indigenous Methods of Manuscript Preservation
Editor: Sudha Gopalakrishnan
Volume Editor: Anupam Sah
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and D. K. Printworld (P) Ltd., New Delhi
Pages: 253
Price: ₹ 350/-

SAMRAKSHIKA VOLUME–II
Rare Support Materials for Manuscripts and their Conservation
Editor: Shri K. K. Gupta
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and Dev Books, New Delhi
Pages: 102
Price: ₹ 200/-

Kriti Rakshana

Kriti Rakshana

SAMIKSHIKA

Compilation of the proceedings of the seminars organised on different topics

SAMIKSHIKA VOLUME–I
Buddhist Literary Heritage in India
Editor: Prof. Ratna Basu
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and Munshiram Manoharlal Publishers Pvt. Ltd., New Delhi
Pages: 158
Price: ₹ 325/-



SAMIKSHIKA VOLUME-II
Text and Variantions of the Mahābhārata
Editor: Kalyan Kumar Chakravarty
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and Munsiram Manoharlal Publishers (P) Ltd., New Delhi
Pages: 335
Price: ₹ 500/-

SAMIKSHIKA VOLUME-III
Natyashastra and the Indian Dramatic Tradition
Edited by: Radhavallabh Tripathi
General Editor: Dipti S. Tripathi
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and Dev Publishers & Distributors, New Delhi
Pages: 344
Price: ₹ 450/-

SAMIKSHIKA VOLUME-IV
Indian Textual Heritage (Persian, Arabic and Urdu)
Editor: Prof. Chander Shekhar
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and Dilli Kitab Ghar, Delhi
Pages: 400
Price: ₹ 350/-



SAMIKSHIKA VOLUME-V
Saving India's Medical Manuscripts
Edited by: G.G. Gangadharan
General Editor: Dipti S. Tripathi
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and Dev Publishers & Distributors, New Delhi
Pages: 260
Price: ₹ 350/-

KRITIBODHA

Critical editions of manuscripts

KRITIBODHA VOLUME-I
Vādhūla Gṛhyāgamavṛttirahasyam of Nārāyaṇa Miśra
Critically edited by: Braj Bihari Chaubey
General editor: Sudha Gopalakrishnan
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and D. K. Printworld (P) Ltd., New Delhi
Pages: 472
Price: ₹ 550/-

KRITIBODHA VOLUME-II
Śrauta Prayogakḷpti of Ācārya Śivaśroṇa
Editor: Prof. Braj Bihari Chaubey
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and D. K. Printworld (P) Ltd., New Delhi
Pages: 200
Price: ₹ 250/-

KRITIBODHA VOLUME-III
Tattvānusandhanam (A Compendium of Advaita Philosophy) by Sri MahadevanandaSarasvati
Consultant Editor: T. V. Sathyanarayana
General Editor: Prof. Dipti S. Tripathi
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and New Bharatiya Book Corporation, Delhi
Pages: 90
Price: ₹ 150/-

PRAKASHIKA

Printed editions of rare and unpublished manuscripts

PRAKASHIKA VOLUME-I
Diwanzadah
Edited by: Prof. Abdul Haq
General Editor: Prof. Dipti S. Tripathi
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and Delhi Kitab Ghar, Delhi
Pages: 454
Price: ₹ 250/-



PRAKASHIKA VOLUME-II
Chahar Gulshan (An eighteenh century gazetteer of Mughal India)
Edited and Annotated by: Chander Shekhar
General Editor: Dipti S. Tripathi
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and Dilli Kitab Ghar, Delhi
Pages: 473
Price: ₹ 250/-

PRAKASHIKA VOLUME – III
Ākhyātavāda and Naňvāda along with Ṭippanī
Critically Edited by Sanjit Kumar Sadhukhan
General Editor: Prof. Dipti S. Tripathi
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and Dev Publishers & Distributers, New Delhi
Pages: 127
Price: ₹ 250/-



PRAKASHIKA VOLUME-IV
Pakṣtācintāmaṇi and Sāmānyanirukti of Gaṅgeśa with Kaṇādaṭippani (Text and English Translation)
Critically Edited by Subuddhi Charan Goswami
General Editor: Prof. Dipti S. Tripathi
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and Dev Publishers & Distributors
Pages: 113
Price: ₹ 225

PRAKASHIKA VOLUME-V
Vādhulagṛhyasutṛam with Vṛtti
Critically Edited by: Braj Bihari Chaubey
General Editor: Dipti S. Tripathi
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and New Bharatiya Book Corporation, New Delhi
Pages: 262
Price: ₹ 350/-

PRAKASHIKA VOLUME-VII
Rāgārṇavam (with Rāgacandrikā Vyākhyā)
Edited and commented by Bhagavatsharan Shukla
General Editor: Prof. Dipti S. Tripathi
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and D. K. Printworld (P.) Ltd.
Pages: 251
Price: ₹ 300/-

Kriti Rakshana

Kriti Rakshana

PRAKASHIKA VOLUME-VIII
Kalikālasarvajña Ācārya Hemcandra's Laghvarhannīti (Text with commentary, variant readings, Hindi translation and appendices)
Editor: Ashok Kumar Singh
General Editor: Prof. Dipti S. Tripathi
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and New Bharatiya Book Corporation, New Delhi
Pages: 314
Price: ₹ 350/-

PRAKASHIKA VOLUME–IX (1st Part)
Mir'at-ullstelah of Anand Ram Mukhlis
Edited by Chander Shekhar, Hamidreza Ghelichkani & Houman Yousefdahi
General Editor: Prof. Dipti S. Tripathi
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and DilliKitabGhar, Delhi
Pages: 566
Price: ₹ 400/-

PRAKASHIKA VOLUME–IX (2nd Part)
Mir'at-ullstelah of Anand Ram Mukhlis
Edited by Chander Shekhar, Hamidreza Ghelichkani & Houman Yousefdahi
General Editor: Prof. Dipti S. Tripathi
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and Dilli Kitab Ghar, Delhi
Pages: 403
Price: ₹ 400/-

CATALOGUES

THE WORD IS SACRED SACRED IS THE WORD
The Indian Manuscript Tradition by B. N. Goswamy
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and Niyogi Offset Pvt. Ltd., New Delhi
Pages: 248
Price: ₹ 1850/-



VIJÑĀNANIDHI: MANUSCRIPT TREASURES OF INDIA
Published by: National Mission for Manuscripts, New Delhi
Pages: 144



SHABAD GURU
Illustrated Catalogue of Rare Guru Granth Sahib Manuscripts
Editor: Dr. Mohinder Singh
Publishers: National Mission for Manuscripts, New Delhi and National Institute of Punjab Studies, New Delhi
Pages: 193

अपि च - (सासूयमिव)

चलापाङ्गां दृष्टिं स्पृशसि बहुशो वेपथुमतीं
रहस्याख्यायीव स्वनसि मृदु कर्णान्तिकचरः।
करं व्याधुन्वत्याः पिबसि रतिसर्वस्वम् अधरं
वयं तत्त्वान्वेषान् मधुकर, हतास्त्वं खलु कृति ॥ 1-23 ॥

इन शब्दों में वर्णित भ्रमरबाधा प्रसंग में पहले (22) श्लोक में भ्रमर से संत्रस्त हो रही शकुन्तला के चकित नेत्रों में जो दृष्टिविभ्रम का सौन्दर्य आकारित हो रहा है उसका चित्र खिंचा गया है[1]। इस लिए वहाँ नायक सस्पृह देख रहा है ऐसी रंगसूचना दी गई है तत्पश्चात दूसरे (23) श्लोक में शकुन्तला के मुखारविन्द पर घुम रहे ईर्ष्याजनक भ्रमर का चित्र खिंचा गया है[2]। यहाँ एक ही दृश्य की द्विपार्श्वी रमणीयता को दो अलग अलग श्लोक में वर्णित करने की आवश्यकता है। अतः कालिदास ने समुच्चयार्थक "अपि च" का प्रयोग करके उन दोनों को परस्पर बांधे है। यहाँ दोनों श्लोकों में दृष्टिकोणों का ही भेद होने से उसमें पुनरुक्ति का कोई अवकाश ही नहीं है। अतः यह मूलगामी पाठ हो सकता है, जो काश्मीरी, बंगाली एवं मैथिली वाचना में संचरित होता रहा है। लेकिन समय-मर्यादा की बाधा से पीडित कुछ सूत्रधारों ने उन दोनों में से पहलेवाले श्लोक को हटा दिया है। परिणामतः देवनागरी एवं दाक्षिणात्य वाचना की पाठयपरम्परा ने केवल चलापाङ्गा-वाला श्लोक ही सुरक्षित रखा है।

2-1 शाकुन्तल के मौलिक पाठ में प्रक्षेप एवं लीला निरन्तर चल रही होगी उनमें कोई शक नहीं। लेकिन इस लीला का पौर्वापर्य जानना मूश्कील होते हुए भी पाठालोचना करने के लिए अनिवार्य भी है। इस दिशा में संशोधन करने के लिए चतुर्थाङ्क उपयुक्त स्थान है। चतुर्थाङ्क में श्लोक-संख्या 21 से 26 तक मिलती है। जैसे कि, मैथिली वाचना में 26 श्लोक है, तथा बंगाली वाचना में 24 श्लोक है। किन्तु राघवभट्ट की देवनागरी वाचना में केवल 21 श्लोक प्राप्त होते है। इस तरह की कम-ज्यादा श्लोक संख्या ही हमें विचार करने के लिए प्रेरित करती है कि किस वाचना में मौलिक पाठ सुरक्षित रहा होगा, या किस वाचना में प्रथम बार प्रक्षेप हुआ होगा, अथवा किस वाचना के पाठ में कब संक्षेप हुआ होगा?। बंगाली वाचना के पाठ में, चतुर्थाङ्क के आरम्भ में प्रभात वेला का आकलन करने के लिए पर्णकुटिर से बहार निकला शिष्य तिन चार श्लोकों का गान करता है, वह निम्न स्वरूप के है:-

यात्येकतोऽस्तशिखरं पतिरोषधीनाम्,
आविष्कृतोऽरूणपुरःसर एकतोऽर्कः।
तेजोद्वयस्य युगपद् व्यसनोदयाभ्यां,
लोको नियम्यत इवैष दशान्तरेषु[3] ॥ 4-2 ॥

अपि च-

अन्तर्हिते शशिनि सैव कुमुद्वती में
दृष्टिं न नन्दयति संस्मरणीयशोभा।
इष्टप्रवासजनितान्यबलाजनेन
दुःखानि नूनमतिमात्रदुरूद्वहानि[4] ॥ 4-3 ॥

अपि च-

कर्कन्धूनामुपरि तुहिनं रञ्जयत्यग्रसन्ध्या
दार्भं मुञ्चत्युटजपटलं वीतनिद्रो मयूरः।
वेदिप्रान्तात् खुरविलिखिताद् उत्थितश्चैष सद्यः,
पश्चादुच्चैर्भवति हरिणः स्वाङ्गम् आयच्छमानः[5] ॥ 4-4 ॥

अपि च-

पादन्यासं क्षितिधरगुरोर्मूर्ध्नि कृत्वा सुमेरोः
क्रान्तं येन क्षयिततमसा मध्यमं धाम विष्णोः।
सोऽयं चन्द्रः पतति गगनादल्पशेषैर्मयूखैर्,
अत्यारूढिर्भवति महताम् अप्यपभ्रंशनिष्ठा[6] ॥ 4-5 ॥
(द्विवेदी, 2008)

बंगाली वाचना के पूर्वनिर्दिष्ट चार श्लोको का एक साथ में होना सम्भव नहीं लगता हैं, क्योंकि नाटक जैसी समय की पाबन्दी को स्वीकारनेवाली कला में इतना लम्बा वर्णन असह्य होता है। एवमेव, यहाँ तो कण्वाश्रम का शिष्य केवल प्रभातकाल का आकलन करने के लिए इन श्लोकों का गान कर रहा है। इस सन्दर्भ को देखते हुए यहाँ चार चार श्लोकों को होना सम्भवित नहीं लगता हैं। मतलब कि यहाँ बंगाली वाचना पाठ मौलिकता के नझदीक नहीं लगता है। अतः अन्य वाचनाओं में इस स्थान की क्या स्थिति है? इसको ध्यान में लेकर पाठालोचना शुरू करनी होगी। जैसे कि - उपयुक्त चार श्लोकों में से पहले दो

1. यह श्लोक वंशस्थविल वृत्त में लिखा गया है।
2. यह श्लोक शिखरिणी वृत्त में लिखा गया है।

3. (**अनुवाद**) एक ओर चन्द्रमण्डल अस्तशिखर को पहुँच रहा है और एक ओर अरूण को आगे किये उदित हो रहा है सूर्य । दो तेज और दोनों का एक साथ व्यसन (अस्त) तथा अभ्युदय। इनसे लोक को शिक्षा मिलती है अपनी दशा बदलने की।।- कालिदासग्रन्थावली, (भाग -2), अनु. पं. रेवाप्रसाद द्विवेदीजी, कालीदास अकादेमी, उज्जयिनी, 2008, पृ. 399.
4. (**अनुवाद**) चन्द्र डूब गया तो वही कुमुद्वती अब आँखों को आनन्दित नहीं कर रहीं है। इष्ट (प्रिय) के प्रवास से उत्पन्न दुःख अबलाओं को अत्यन्त दुःसह होते है।।- कालिदासग्रन्थावली, (भाग-2), अनु. पं. रेवाप्रसाद द्विवेदीजी, कालिदास अकादेमी, अज्जयिनी, 2008, पृ. 399.
5. (**अनुवाद**) और देखो बैरों के ऊपर पडी ओस को उषाकाल रंग रहा है, जागा मोर लकड़ी के उटज पटल को छोड़ रहा है, ये हरिण शिशु चारों ओर उपवन में निर्भय चर रहे है, क्योकि इनमें दर्भाङ्कुर हटा दिए गए है ।। कालिदासग्रन्थावली (भाग-2), अनु. पं. रेवाप्रसाद द्विवेदीजी, कालीदास अकादेमी, उज्जयिनी, 2008, पृ. 398.
6. (**अनुवाद**) जिस (चन्द्र) ने पर्वतराज सुमेरू के सिर पर पादन्यास पर अँधियारी दूर करते हुए भगवान् विष्णु के दूसरे धाम पर विचरण किया था वही चन्द्र अब बहुत कम बची किरणों के साथ आकाश से गिर रहा है। अत्यारूढि बडों को भी पतन का सुख दिखलाती है। कालिदासग्रन्थावली, (भाग-2), अनु. पं. रेवाप्रसाद द्विवेदीजी, कालिदास अकादेमी, उज्जयिनी, 2008, पृ. 398.

"याति" एवं "अन्तर्हिते" श्लोकों को देवनागारी और दक्षिणात्य वाचनाओं ने मान्य किये है। तथा काश्मीरी वाचना ने केवल "कर्कन्धूनाम्" और "पादन्यास" को ही मान्य किये है। अर्थात इन दोनों वाचनाओं में केवल दो दो श्लोको को ही स्थान मिल पाया है। परन्तु दोनो वाचनाओं ने जिन दो श्लोकों को मान्य रखे है वे दोनो भिन्न भिन्न श्लोक है। अलबत्ता चार श्लोको को स्वीकारनेवाली बंगाली परम्परा की अपेक्षा से केवल दो ही श्लोकों को मान्य करनेवाली वाचनाओं को ही बेहतर माननी होगी। अत: यहाँ सोचना होगा कि केवल दो दो श्लोकों को प्रस्तुत करनेवाली देवनागारी एवं काश्मीरी जैसी वाचनाओं में से किस का पाठ मौलिक, अर्थात कालिदास-प्रणीत हो सकता है?।

2-2 देवनागरी एवं दाक्षिणात्य वाचनाओं में जिन दो श्लोकों को ("याति" एवं "अन्तर्हिते") स्थान मिला है, उन दोनों में शकुन्तला के भावि दुर्दैव का सूचन रखा गया है। किन्तु किसी भी नाट्यकृति में विचारों की पुनरूक्ति करने में समय की हानि होती है, जो नाट्यकला में असह्य मानी गई है। दूसरा, इन दोनों श्लोकों को "अपि च" निपात से बांधे गये है, लेकिन समुच्चयार्थक "अपि च" के विनियोग का पूर्वोक्त स्वारस्य यहाँ घटित नहीं होता है। तीसरा, इन श्लोकों में जो वसन्ततिलका छन्द का विनियोग हुआ है, वह विरह, करूणता, दु:ख भरे भावों की अभिव्यक्ति के लिए संगत नहीं बैठता है। इन श्लोको में तो शकुन्तला के भावि दु:ख का सूचन किया जा रहा है, अत: यहा वसन्ततिलका जैसे छन्द: को देख कर भी यह सूचित होता है कि कालिदास-प्रणीत नहीं हो सकते है।

इसी तरह से, भूतकाल में आचार्य शरदा रञ्जन राय (राय, 1908) ने भी दोनों को प्रक्षिप्त मानना चाहिए ऐसी बात कही थी। उन्होंने कहा कि पूर्वार्ध में जो वर्णन है वह प्राभातिक समय का आकलन करने के लिए उपयुक्त नहीं है। यदि सूर्य आविष्कृत हो ही गया है तो फिर "होमबेला हो गई है, चलो गुरू को उसका निवेदन किया जाय" ऐसा कहना सुसंगत नहीं है। यदि इस श्लोक में "आविष्कृतारूण" ऐसे सामासिक शब्द को पाठान्तर के रूप में लिया जाय तो व्यसनोदय के यौगपद्य का कथन दूषित होता है। तथा इस श्लोक में प्रक्रमभङ्ग दोष भी हो रहा है, इस लिए दोनों श्लोकों का मौलिक होना सम्भव नहीं है।

दूसरे पक्ष में, याने काश्मीरी वाचनानुसारी पाठ में अन्य दो (कर्कन्धूनाम् एवं पादन्यासं) श्लोकों का स्वीकार हुआ है वहाँ सब से पहेले यह कहना होगा कि ब्राह्मी लिपि से नीकली हुई अन्यान्य लिपियों में शरदा लिपि का क्रम बंगालीलिपी की अपेक्षा से पहेले है। अत: उस शारदालिपि में संचरित हुई पाठपरम्परा को अधिक श्रद्धेय एवं प्राचीनतम माननी होगी। फिर भी इसकी मौलिकता के विषय में तर्कनिष्ठ अन्य विचार भी करना होगा। देवनागरी की तुलना में देखा जाय तो काश्मीरी वाचना वाले दोनों श्लोको में मन्दाक्रान्ता छन्द का प्रयोग हुआ है, जो उस श्लोक में प्रकट किये गये शकुन्तला के दु:ख भरे भावि दिवसों के साथ सुसंगत है। दूसरा, इन दोनों श्लोकों को "अपि च" निपात से बांधे गये है, क्योंकि इन दो श्लोकों के निरूप्यमाण विषयवस्तु में पुनरूक्ति नहीं है। कर्कन्धूनाम् वाले श्लोक की प्रासंगिकता जाँची जाय तो (=प्रभात के समय का आकलन करना) स्वयं स्पष्ट है, तथा पादन्यासं क्षितिधरगुरो: वाले दुसरे श्लोक से प्राकरणिक अर्थ (=शकुन्तला की भावि अवदशा) का सूचन हो रहा है, (और उसके साथ अनसूया की उक्ति का अनुसन्धान भी हो जाता है)। परिणामत: यहाँ इन दोनों श्लोकों के बीच में जो "अपि च" का विनियोग हुआ है, वह भी समुच्चयार्थक के रूप में सुसंगत बैठता है। कण्वाश्रम के शिष्य ने पहले श्लोक में, यज्ञवेदी के प्राङ्गण में अपने सम्मुख जो चहलपहल हो रही है उसका चित्र खिंचा है। दूसरे श्लोक में शिष्य ने उर्ध्व दृष्टि करके देखा तो चन्द्रमा का पतन हो रहा है, उसका वर्णन किया है। कालिदास किसी भी दृश्य की द्विपार्श्वी रमणीयता को वर्णित करने के लिए "अपि च" का प्रयोग करते है, अर्थात ऐसे स्थान पर ही समुच्चयार्थक अपि च के प्रयोग का यथार्थ्य घटित होता है। इसी दृष्टि से, काश्मीरी वाचना केन (कर्कन्धूनाम् एवं पादन्यासं) दोनों श्लोकों की ही मौलिकता सिद्ध होती है।

2-3 पूर्वोक्त चार श्लोकों में से (देवनागरी एवं दाक्षिणात्य वाचना में जिन दोनों को मान्यता मिली है वे) दोनों श्लोक प्रक्षिप्त होने के प्रमाण मिल रहे है और अन्य दो श्लोकों (जिनको काश्मीरी वाचना में मान्यता मिली है उन) का मौलिक होना प्रतीत होता है तो अब प्रश्न होगा कि यह बात कैसे बनी कि बंगाली वाचना में चारों श्लोक एक स्थान पर हाजिर हो गये?। इस प्रश्न का उत्तर बंगाली वाचना में से नही मिल सकता है। उसके लिए तो इस समग्र चर्चा में अवशिष्ट रही मैथिली वाचना की पाठपरम्परा को देखनी होगी। वहाँ पर भी यद्यपि उपर्युक्त चारों श्लोकों का स्वीकार हुआ है, किन्तु उनमें इन चारों श्लोकों का उपस्थिति-क्रम भिन्न है, वह ध्यातव्य है। मैथिली वाचना में 1. कर्कन्धूनाम्, 2. पादन्यासं, 3. याति, और 4. अन्तर्हिते - इस क्रम में चारों श्लोकों को अवतारित किये है। यह क्रमभेद इस बात का द्योतक है कि काश्मीरी वाचना के जिन दो श्लोकों में मौलिकता झलक रही है उसका पहला स्थान मैथिली परम्परा में क्रमांक की दृष्टि से भी पहेला बना रहा है। और फिर कालान्तर में, उसके पीछे दो नये श्लोकों का प्रक्षेप हुआ होगा। यहाँ याति और अन्तर्हित श्लोकों को कब किसने प्रक्षिप्त किया होगा वह तो हम नही जान सकते है, लेकिन शारदा-लिपि की पाठपरम्परा में मौलिक पाठ का संचरण होने के बाद, द्वितीय स्तर में मैथिली में उसका अनुसरण होने का प्रमाण यही है कि काश्मीरी पाठ का श्लोक क्रम उसमें यथावत् रहा दिखता है। और सामान्यतया प्रक्षिप्तांश का क्रम दूसरा ही रहता है, उस दृष्टि से प्रक्षिप्त सिद्ध हो रहे दो श्लोकों का क्रम तीसरे-चौथे क्रम पर रखा गया है। तथा "अपि च" जैसे समुच्चयार्थक निपात का सहारा लेकर ऐसा प्रक्षेप करना

आसान भी होता है। पाठसंचरण के दौरान "अपि च" से प्रक्षेपों की प्रसूति करने की प्रवृत्ति एक आम बात है।

मैथिली पाठपरम्परा में दो नये श्लोकों का प्रक्षेप होने के बाद, जब शङ्कर ने इन दोनों श्लोकों के ऊपर रसचन्द्रिका जैसी अतिमहत्त्वपूर्ण टीका लिखी होगी तब इन दोनों श्लोकों का महत्त्व बढ़ गया होगा। शङ्कर ने याति वाले श्लोक का ध्वन्यर्थ निकालते हुए लिखा है कि "एतावता पतितः सौभाग्यगर्विताया: शकुन्तलाया अग्रे दुःख भविष्यतीति सूचितम्।" तथा अन्तर्हिते श्लोक का व्यंग्यार्थ बताते हुए लिखा कि "अन्यापदेशेन शकुन्तला झटिति दुष्मन्तचित्ताहरणरूपेणात्यारोहेण विरहाम्बुधौ पतिष्यतीति सूचितम्।" इस टीका ने प्रक्षिप्त श्लोकों में छीपी हुई चमत्कृति जरूर उद्घाटित की है, लेकिन उसमें पुनरूक्ति हो रही है एवं उसमें प्रासंगिक सन्दर्भ (प्रभातकाल का बोध) छुट गया है - यह बात शङ्कर ने नहीं पहेचानी। परिणामतः तीसरे स्तर पर, शङ्कर ने जिसका ध्वन्यर्थ दिखाया था इन दोनों (प्रक्षिप्त श्लोकों) को बंगाली वाचना में प्राथम्य मिल गया। अर्थात शाकुन्तल की पाठपरम्परा में दों मौलिक श्लोकों के साथ दो नये श्लोकों का प्रक्षेप होने के बाद, बंगाली वाचना में इन चारों को क्रम उलटा-पुलटा किया गया होगा। जिसमें याति एवं अन्तर्हित को पहेला-दूसरा स्थान मिला और कर्कन्धूनाम् एवं पादन्यासं को तीसरा-चौथा स्थान दिया गया। (मैथिली पाठ से विपरित क्रम जो बंगाली पाठ में दृश्यमान हो रहा है उससे ही पाठविचलन का पौर्वापर्य निर्धारित हो रहा है।) चतुर्थ स्तर पर, जब मूल पाठ में कटौती करके इस नाटक के संक्षेपीकरण का कार्य हाथ पर लिया गया होगा तब, (बंगाली वाचना में) तीसरे एवं चौथे क्रम पर जो श्लोक थे उसको देवनागरी एवं दाक्षिणात्य वाचनाओं में से हटाया गया होगा। लेकिन हकीकत ऐसी सिद्ध हो रही है कि जिन दो श्लोकों को देवनागरी एवं दाक्षिणात्य वाचनाओं में से हटाये गये वे ही केवल मौलिक होने का दावा कर सकते है।

इस तरह से प्रातःकाल का वर्णन करने के बहाने चतुर्थाङ्क के प्रारम्भ में "अपि च" निपातों से जुडी चार श्लोकों वाली जो शृङ्खला मिल रही है उसका तुलनात्मक दृष्टि से अभ्यास करने से शाकुन्तल की पाठपरम्परा में जो विचलन हुआ है उसका पौर्वापर्य निर्धारित किया जा सकता है। यह एक स्थान ऐसा पहेलीबार ध्यान में आ रहा है कि जिसके सहारे हम शाकुन्तल के मौलिक पाठ के विचलन एवं संचरण के क्रम को समझ सकते है।

3-1 यहाँ चतुर्थाङ्क से ही एक दूसरा उदाहरण लेंगे जिसमें भी काश्मीरी एवं मैथिली वाचनाओं को पूर्वोक्त पौर्वापर्य घटित होता है। शकुन्तला पतिगृह की ओर प्रस्थान कर रही है तब बंगाली वाचनानुसारी चतुर्थाङ्क के पाठ में इस तरह का संवाद है:- शकुन्तला कण्व को पूछती है कि मैं पति के घर जा रही हूँ, लेकिन पिताजी आपका विरह कैसे सह पाऊगी? तब पिता कण्व श्लोक 4-22 से उत्तर देते है कि कुलीन व्यक्ति के घर में गृहिणी पद प्राप्त होने के बाद तुँ बहुविध कार्यकलाप में व्यस्त हो जायेगी और तेरे अङ्क में पुत्र का आगमन हो जाने के बाद तो सुख ही सुख होने से तुँ मेरे विरह से उत्पन्न होनेवाले दुःख को भूल जायेगी। इतना सुनने के बाद शकुन्तला पिता के चरणों में प्रणाम करती है (ऐसी रंगसूचना है)। अर्थात बंगाली में कण्व एक ही श्लोक बोलता है। किन्तु इस सन्दर्भ का काश्मीरी एवं मैथिली पाठ निम्नोक्त है, जिसमें कण्व दो श्लोक बोलते है:-

शकुन्तला- कधं तादस्स अङ्कादों परिब्भट्टा मलअपव्वदुम्मूलिदा विअ चन्दणलदा देसन्तरे जीविदं धारइस्सं।

(इति रोदिति) (तातस्याङ्कात् परिभ्रष्टा मलयपवनोन्मूलिता इव चन्दनलता देशान्तरे जीविते जीवितं धारयिष्ये।।)

कण्वः- वत्से, किमेवं कातरासि।
अभिजनवतो भर्तुःश्लाघ्ये स्थिता गृहिणीपदे
विभवगुरूभिः कृत्यैरस्य प्रतिक्षणमाकुला।
तनयमचिरात् प्राचीवार्कं प्रसूय व पावनं
मम विरहजं न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि ।। 4-22 ।।

अपि च, इदमवधारय-

यदा शरीरस्य शरीरिणश्च पृथक्त्वमेकान्तत एव भावि।
आहार्ययोगेन वियुज्यमानः परेण को
भवेद्विषादि ।। 4-23 ।।

शकुन्तला - (पितुः पादयोः पतित्वा) ताद वन्दामि।

यहाँ श्लोक 22 के नीचे, "अपि च" निपात से बांधा गया एक श्लोक - 23 दिख रहा है, जो केवल काश्मीरी एवं मैथिली वाचना के पाठ में ही उपलब्ध होता है। बंगाली, देवनागरी और दाक्षिणात्य वाचनाओं में वह नहीं मिलता है। (तथा डॉ. एस. के. बेलवालकर जी के द्वारा सम्पादित अभिज्ञानशाकुन्तल में भी वह श्लोक नहीं मिलता है) किन्तु ऑक्सफर्ड लाईब्रेरी में सुरक्षित दो शारदा पाण्डुलिपियों में यह श्लोक "अपि च" निपात से अवतारित किया गया है। अतः विचारणीय है कि क्या दूसरा श्लोक "अपि च" के विनियोग से काश्मीरी-मैथिली में प्रक्षिप्त किया गया होगा? या फिर वह मौलिक होते हुए भी बंगाली, देवनागरी एवं दाक्षिणात्य वाचनाओं में से उसे हटाया गया है?। यहाँ पूर्वधारणा के रूप में मान लिया जाय कि मूल पाठ में पहेलेवाला एक ही श्लोक रचा गया था। अब, पहेले श्लोक 22 में शकुन्तला को पिता की याद नहीं आयेगी उसके बहुत प्रतीतिकारक कारण पेश किये गये है। फिर भी यह चिन्ता तो है ही कि पुत्री को ससुराल में कितना भी सुख मील जाय तो भी क्या वह अपने पिता को भूला सकती है? सब का अनुभवजन्य उत्तर यही है कि ढेर सारे सुख में भी पुत्री अपने पिता को कदापि नहीं भूला सकती है। अतः प्रश्न होगा कि क्रान्तद्रष्टा महाकवि ने यहाँ सर्वजनानुभव-विरूद्ध क्यों लिखा है । क्या सचमुच में शकुन्तला अपने भावि जीवन में सुखातिशय आने पर भी पिता कण्व को भूल जायेगी? वृद्ध पिता की कोई चिन्ता उसे नहीं सताती रहेगी? इस

प्रश्न का एक ही उत्तर सभी रसिकों के मन में होगा कि शकुन्तला अपने पिता को हरगिझ नहीं भूल सकती है। यह बात कण्व भी जानते होंगे, अत: यहाँ उनको कुछ अधिक कहने की आवश्यकता होगी। यदि मूल पाठ में पहेलेवाला एक ही श्लोक था ऐसी पूर्वधारणा को छोड़के, काश्मीरी और मैथिली वाचना में आया हुआ दूसरा श्लोक मूल में था ऐसा स्वीकारते है तभी उपर्युक्त क्षति का विसर्जन होता है।

प्रस्तुत चर्चा में पहेले कहा गया है कि इस नाट्यकृति में एक श्लोक के बाद "अपि च" से अवतारित दूसरे श्लोक में प्रवर्तमान दृश्य या विचार का दूसरा पहलु रखा जाता है। ऐसा होना अनिवार्य है, क्योंकि समुच्चयार्थक "अपि च" का प्रयोग तभी होता है कि जब प्रस्तुत विचार का दूसरा पहलु भी सम्मलित करना हो। इस दृष्टि से सोचा जायेगा तो पहेले श्लोक में शकुन्तला को ससुराल में सुख मिलने पर वह पिता को भूल जायेगी ऐसा कहा जाता हैं। तत्पश्चात् दूसरे ही श्लोक में कहा जाता है कि फिर भी इन ऐहिक सुखों के बीच में भी शकुन्तला के हृदयाकाश में पिता के वार्धक्य को लेकर सदैव चिन्ता विद्यमान रहनेवाली है। तो उसका निरसन करने के लिए क्रान्तद्रष्टा कालिदास ने ऋषि कण्व से निम्नोक्त दूसरा श्लोक कहलाया है:-

अपि चेदमवधारय

यदा शरीरस्य शरीरिणश्च पृथक्त्वमेकान्तत एव भावि।
आहार्ययोगेन वियुज्यमान: परेण को नाम
भवेद् विषादि ।। 4-23 ।।

शकुन्तला-तात वन्दामि। (पितु: पादयो: पतति)

अर्थात कण्व ने शकुन्तला को आश्वासन देते हुए "अपि च" से अवतारित 23 वें श्लोक से यह भी कह दिया है कि शरीर और शरीरी का पृथकत्व अवश्यम्भावि है। जैसे कोई नट अपने पहेने हुए मुकुटादि व्यवहार्य चीजों का त्याग करते समय दु:खी नहीं होता, (वैसे ही कल कण्वमुनि के देहावसान की खबर मिले तो भी शकुन्तला को दु:खी नहीं होना चाहिए।)।। यहाँ "अपि च" के प्रयोग का याथार्थ्य पूर्ण रूप में सिद्ध होता है। कण्व ने अपनी पुत्री को दो बातें कहे की उसे दोनों दृष्टि से स्वस्थ मन:स्थितिवाली बनाई है। एक तो ससुराल में निरतिशय सुख एवं नयी जिम्मेवारियाँ को लेकर पिता की याद नहीं आयेगी, और दूसरा पिता का शरीर व्यवहार्य चीज रूप है, जो एक दिन नष्ट होनेवाला है तो उसकी चिन्ता करना जरूरी नहीं है। आश्रम में पली ऋषिकन्या के लिए आरण्यक पिता का यह औपनिषदिक दर्शन इस स्थान पर एकदम सुसंगत प्रतीत होता है। और इस दृष्टि से देखा जायेगा तो यहाँ "अपि च" का विनियोग भी समुच्चयार्थक के रूप में सर्वथा चरितार्थ हो रहा है। अत: काश्मीरी और मैथिली वाचना में दृश्यमान यह दूसरा श्लोक मौलिक होने में संदेह नहीं रहता है।

उपर्युक्त दो श्लोकों वाला काश्मीरी पाठ जो पहेले मैथिली पाठ में संक्रान्त हुआ होगा वह वहाँ पर सुरक्षित रहा है। लेकिन तीसरे स्तर पर बंगाली एवं देवनागरी तथा दाक्षिणात्य वाचनाओं में से "अपि च" से अवतारित दूसरा श्लोक हटाया गया होगा। इस प्रकार के संक्षिप्तीकरण से चतुर्थाङ्क का एक विशेष सौन्दर्य, जो दार्शनिक पिता के वचनों में झलक रहा है उससे हम वंचित रह जाते है। कालिदास ने अपने अन्य काव्यों मे भी औपनिषदिक दर्शन व्यक्त किया है और इस नाटक के अन्तिम भरत वाक्य में भी उन्होंने लिखा है कि "सरस्वती श्रुतिमहती/श्रुतिमहतां महीयताम्।" इसको देखते हुए भी उपर्युक्त श्लोक मौलिक दिख रहा है।

उपसंहार:- अभिज्ञानशाकुन्तल की पाँचों वाचनाओं में जो पाठ प्रवहमान हुआ मिल रहा है, उनमें से किसी में भी पूर्ण रूप से कालिदास-प्रणीत हो ऐसा मौलिक पाठ दिखता नहीं है। दूसरी ओर, नाटक जैसी और वह भी अभिज्ञानशाकुन्तल जैसी आदिकाल से लोकप्रिय बनी सर्वश्रेष्ठ नाट्यकृति का पाठ मंचन के दौरान विचलित होना अवश्यम्भावि था। इस लिए साहित्यरसिकों में कवि-प्रणीत मूल पाठ का सौन्दर्य पुन: संप्राप्त करने की इच्छा रहती ही है। किन्तु कालिदास इतने सुदूर अतीत में बैठे है कि वह कार्य इतना आसान भी नहीं है। अभी तक शाकुन्तल कें पाठविचलन का पौर्वापर्य जानने के लिए निर्णयात्मक स्थान किसी के ध्यान में नहीं आया था। लेकिन प्रस्तुत आलेख में हमने जो चतुर्थाङ्क के आरम्भिक चारों श्लोकों को लेकर इस पौर्वापर्य को निर्धारित करने का प्रयास किया है वह विद्वत्सम्मत हो सकता है तो शाकुन्तल के उपलब्ध पाठों में निहित प्रक्षेप एवं संक्षेप की विकराल समस्या के दुर्ग में प्रविष्ट होने का मार्ग प्रशस्त होगा।

Bibliography :

Pischel, Richard (1922).
Kalidas's S'akuntala. second edition, Cambridge:
Harvard University Press

कांजीलाल, दिलीपकुमार (1980), *अभिज्ञानशाकुन्तलम्*, संस्कृत
कॉलेज, 1 बंकीम चेटर्जी स्ट्रीट, कोलकाता - 700073

काटयवेम (1982), *अभिज्ञानशाकुन्तलम्*, हैदराबाद:
आन्ध्रप्रदेश संस्कृत अकादेमी

द्विवेदी, रेवाप्रसाद (2008), *कालीदास-ग्रन्थावली (भाग-2)*
उज्जयिनी: कालिदास अकादेमी

नवकिशोरकर (1960), *अभिज्ञानशाकुन्तलम्*,
वाराणसी: चौखम्बा संस्कृत सिरीझ.

बेलवालकर, ए. (1965), *अभिज्ञानशाकुन्तलम्*, दिल्ली: साहित्य अकादेमी

रमानाथ झा. (1957), *अभिज्ञानशकुन्तलम्*
(शंकर-नरहरिकृतयोष्टीकयो: समेतम्), दरभंगा: मिथिला विद्यापीठ

राघवभट्ट, (2006), *अभिज्ञानशाकुन्तलम्*, दिल्ली:
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

राय, शरदा रंजन, (1908), *अभिज्ञानशाकुन्तलम्*, कोलकाता.

प्रो० वसन्तकुमार म. भट्ट
निदेशक, भाषा-साहित्य भवन, गुजरात विश्वविद्यालय,
अहमदाबाद-380009

Case Study:

Problems and Process of Conservation of *Diwan-i-Hafiz*

Prof. S.M. Azizuddin Husain

Rampur Raza Library, housed in the Hamid Manzil, Rampur Fort (UP) was established by Nawab Faizullah Khan, a remarkably gifted and far-sighted ruler. The library is a rich storehouse of more than 50,000 books and approximately 15,000 manuscripts in Arabic, Urdu, Persian and Turkish. Many of them are invaluable treasures of Indian cultural heritage. In its collection, the library has 150 illustrated manuscripts and Mughal miniature paintings dating from 16th to 18th century A.D. It has eleven descriptive catalogues of manuscripts in various languages and subjects. The library now has the status of a national institution and functions under the Ministry of Culture, Govt. of India and it also functions as one of the MCCs of the NMM.

Among the illustrated manuscripts in the collection of the Rampur Raza Library, *Diwan–i–Hafiz* is an important and rare manuscript, which is undoubtedly one of the jewels in the crown of Rampur Raza Library. The manuscript is written on thick decorated Kashmiri paper and embellished with gold spray with exquisitely fine wide border and different colour tones. It contains images of wild life, for example, Chinese dragon, tiger, elephant, monkey, fox, dog and different kinds of birds in various postures and floral designs of Mughal style painted in gold.

Diwan-i-Hafiz
Size- 26.7cm x 19.5cm
Total pages: 404
Total folios: 202
Language: Persian
Period – 1575 – 80 A.D.

Shamsuddin Muhammad, known as Hafiz, lived in the south Persian city of Shiraz and received patronage from the Inju and Muzaffarid rulers of that city. Volumes of his poetry were popularly used for fortune-telling (for an explanation of how it will take its shape). He is credited with perfecting the ghazal or ode form in poetry and the authorized version of his *diwan (Diwan–i–Hafiz)* includes some 573 *ghazaliyat.*

Diwan-i-Hafiz manuscript was purchased by Nawab Muhammad Kalbe Ali Khan of Rampur, from Muhammad Akram, the grandson of Hafiz Khurshid Khushnavis Lakhnavi on January 2, 1857.

The manuscript was copied in 1575A.D. in Khurasan and illustrated in 1585-95, probably in Lahore, during the reign of Mughal Emperor Akbar.

The Manuscript contains 11 masterpieces of miniature paintings. A brief description of the paintings is given hereunder:

1. **Painting on page no. 19** – It appears that *Diwan-i-Hafiz* is being presented to Emperor Akbar or Akbar is asking for fortune telling. Saghar Nizami is of the view that - Abul Fazl, Faizi, and Hakeem Abul Fateh Gilani are sitting at Akbar's court. Painted by Kanha.
2. **Painting on page no. 30 –** The dervishes doing *sama* in the *Khanqah* overpowered by the ecstasy of devotional Music.
3. **Painting on page no. 74 –** A semi naked young man walking in a rocky valley.

4. **Painting on page no. 116 –** A prince sitting in his garden with noblemen and listening music. Painted by Farrukh Chela.
5. **Painting on page no. 147 –** A prince riding with his retinue in a rocky valley. Painted by Manohar.
6. **Painting on page no. 177 –** An old man watching flock of his sheep amidst rocks. Painted by Farrukh Chela.
7. **Painting on page no. 211 –** An interesting scene of Turkish Hammam, people getting massaged and taking bath.
